भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 419

(05 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)

अमृत सरोवरों का लक्ष्य

419. श्री देवजी पटेल:
    श्री बिद्युत बरन महतोः
    श्री अरुण सावः
    श्री 'सुधाकर तुकाराम श्रृंगारे:
    श्री सुनील कुमार सिंहः
    श्री नारणभाई काछड़िया:
    श्री दिलीप शइकीया:
    श्री वाई. देवेन्द्रप्पा:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में 75 अमृत सरोवरों का लक्ष्य प्राप्त करने वाले जिलों, विशेषकर झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर पूर्वी राज्यों और कर्नाटक, की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या अभी भी कुछ राज्यों द्वारा प्रति जिले 75 अमृत सरोवर का लक्ष्य हासिल करना बाकी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकारी प्रयासों के साथ-साथ नागरिकों और गैर-सरकारी संसाधन को जुटाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर पूर्वी राज्यों और कर्नाटक सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार उन जिलों का विवरण, जिन्होंने 75 अमृत सरोवरों का लक्ष्य हासिल कर लिया है, **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख): मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत आने वाले 735 जिलों में से 75 अमृत सरोवर के लक्ष्य को प्राप्त न करने वाले जिलों की संख्या 207 है। 75 अमृत सरोवरों का लक्ष्य अभी तक हासिल न करने वाले जिलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग): लोगों की भागीदारी पूरे मिशन की कुंजी रही है। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सरकार के प्रयासों के पूरक के लिए नागरिकों और गैर-सरकारी संसाधनों की एकजुटता को प्रोत्साहित करने के लिए, मिशन अमृत सरोवर के दिशानिर्देशों में स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं जो निम्नानुसार हैं:

(1) अमृत सरोवर की आधारशिला रखने का नेतृत्व स्वतंत्रता सेनानी या उसके परिवार के सदस्य या शहीद (स्वतंत्रता के बाद) के परिवार या किसी स्थानीय पद्म पुरस्कार विजेता द्वारा किया जाएगा, और यदि ऐसा कोई नागरिक उपलब्ध नहीं है, तो स्थानीय ग्राम पंचायत के सबसे वरिष्ठ सदस्य द्वारा किया जाएगा।

(2). लोगों को निर्माण सामग्री, बेंच और श्रम दान द्वारा भाग लेने का प्रावधान। मिशन के दौरान 1,139 श्रम दान कार्यक्रमों की सूचना मिली है।

(3). यदि ग्रामीण समुदाय चाहे तो सरोवर स्थल पर सौंदर्यीकरण कार्य क्राउड सोर्सिंग और सीएसआर योगदान के माध्यम से आवश्यक दान एकत्र किया जा सकता है। सीएसआर योगदान सहित जन भागीदारी से 131.59 करोड़ रुपये के योगदान से कुल 1,428 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है।

(4). स्वतंत्रता दिवस/गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर स्वतंत्रता सेनानी या उसके परिवार के सदस्य या शहीद के परिवार के सदस्य या स्थानीय पद्म पुरस्कार विजेता द्वारा तिरंगा फहराए जाने का प्रावधान किया गया है। अमृत सरोवर स्थलों पर राष्ट्रीय उत्सव मनाया गया है।

(5) सिंचाई, मछली पालन या सिंघाड़े की खेती सहित ऐसी जल संरचना के संभावित उपयोगकर्ताओं की पहचान की जानी चाहिए और उनके समूह को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। अमृत सरोवर मिशन से कुल 64,931 उपयोगकर्ता समूह जुड़े हुए हैं।

लोक सभा में दिनांक 05.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 419 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I

झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर पूर्वी राज्यों और कर्नाटक सहित 75 अमृत सरोवरों का लक्ष्य हासिल करने वाले जिलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा।		
क्र.स.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**75 और उससे अधिक अमृत सरोवर पूरा करने वाले जिलों की संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	23
2	अरुणाचल प्रदेश	16
3	असम	24
4	बिहार	23
5	छत्तीसगढ़	26
6	गोवा	1
7	गुजरात	33
8	हरियाणा	10
9	हिमाचल प्रदेश	10
10	जम्मू और कश्मीर	20
11	झारखंड	22
12	कर्नाटक	29
13	केरल	4
14	मध्य प्रदेश	46
15	महाराष्ट्र	30
16	मणिपुर	12
17	मेघालय	4
18	मिजोरम	11
19	नगालैंड	0
20	ओडिशा	30
21	पंजाब	8
22	राजस्थान	24
23	सिक्किम	0

24	तमिलनाडु	13
25	तेलंगाना	8
26	त्रिपुरा	8
27	उत्तराखंड	12
28	उत्तर प्रदेश	74
29	पश्चिम बंगाल	0
30	अंडमान और निकोबार	3
31	दादरा नगर और हवेली, दमन और दीव	1
32	लद्दाख	1
33	पुदुचेरी	2
	कुल	**528**

लोक सभा में दिनांक 05.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 419 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध- II

क्र.स.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	उन जिलों की संख्या जिन्होंने 75 अमृत सरोवरों का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया है।
1	आंध्र प्रदेश	3
2	अरुणाचल प्रदेश	9
3	असम	10
4	बिहार	15
5	छत्तीसगढ़	2
6	गोवा	1
7	हरियाणा	12
8	हिमाचल प्रदेश	2
9	झारखंड	2
10	कर्नाटक	2
11	केरल	10
12	मध्य प्रदेश	6
13	महाराष्ट्र	5
14	मणिपुर	4
15	मेघालय	7
16	नगालैंड	11
17	पंजाब	15
18	राजस्थान	9
19	सिक्किम	6
20	तमिलनाडु	25
21	तेलंगाना	26
22	उत्तराखंड	1
23	उत्तर प्रदेश	1
24	पश्चिम बंगाल	20
25	दादरा नगर और हवेली, दमन और दीव	2
26	लद्दाख	1
	कुल	**207**

*****